भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2215#
गुरूवार, 7 अगस्त, 2025/16 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**कोंकण में पर्यटन के लिए आईडीपीएमएस**

**2215# श्री धैर्यशील मोहन पाटिलः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र में तटीय पर्यटन परियोजनाओं के लिए एक एकीकृत डिजिटल परियोजना प्रबंधन प्रणाली (आईडीपीएमएस) लागू करने का विचार रखती है;

(ख) यदि नहीं, तो समुद्र तट विकास, तटीय विरासत स्थलों और समुद्री पर्यटन सुविधाओं सहित कोंकण में पर्यटन पहलों की वास्तविक समय निगरानी के लिए वर्तमान में कौन से प्लेटफॉर्म उपलब्ध हैं; और

(ग) पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील कोंकण तटीय क्षेत्र में लंबित पर्यटन पहलों में तेजी लाने और निधियों का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम प्रस्तावित हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र में तटीय पर्यटन परियोजनाओं के लिए एकीकृत डिजिटल परियोजना प्रबंधन प्रणाली (आईडीपीएमएस) लागू नहीं की है। पर्यटन का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। हालांकि, मंत्रालय अपनी विभिन्न योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से परियोजना प्रस्ताव प्राप्त होने, योजना के दिशानिर्देशों का पालन, धन की उपलब्धता, परियोजना प्रस्ताव का आकलन आदि के आधार पर परियोजनाओं को मंजूरी देता है। पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत परियोजनाओं के प्रबंधन के लिए एक डैशबोर्ड का उपयोग किया। इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने इस योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के नाम से नया रूप दिया है। एसडी 2.0 के दिशानिर्देशों में कार्यक्रम की प्रगति की निगरानी के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली स्थापित करने की परिकल्पना की गई है।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा पर्यटन अवसंरचना का विकास करके और पर्यटन संबंधी अनुभव में वृद्धि करने की दृष्टि से अपनी विभिन्न योजनाओं जैसे स्वदेश दर्शन (एसडी), स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0), स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना - चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी), तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) और पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीए) के तहत कोंकण क्षेत्र सहित पूरे देश में परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, सरकार ने देश में प्रतिष्ठित स्थलों के निर्माण के लिए 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' की योजना के तहत भी परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है। पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों सहित अन्य क्षेत्रों में परियोजनाओं को शुरू करने के लिए आवश्यक मंजूरी संबंधित राज्य सरकार द्वारा प्राप्त की जाती है। स्वीकृत परियोजनाओं के संबंध में धनराशि समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों और अन्य निर्देशों के अनुसार कार्यान्वयन के लिए किश्तों में जारी की जाती है। कोंकण क्षेत्र सहित गोवा, कर्नाटक और महाराष्ट्र राज्यों में एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी, प्रशाद और एसएएससीआई की योजनाओं के तहत मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध**

श्री धैर्यशील मोहन पाटिल द्वारा कोंकण में पर्यटन के लिए आईडीपीएमएस के संबंध में दिनांक 07.08.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2215# के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**कोंकण क्षेत्र सहित गोवा, कर्नाटक और महाराष्ट्र राज्यों में एसडी, एसडी 2.0, प्रशाद, सीबीडीडी, एसीए और एसएएससीआई के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

**गोवा**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | परिपथ/ स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| | **स्वदेश दर्शन** | | |
| 1. | सिंक्वेरिम-बागा- अंजुना-वागाटोर- मोरजिम -केरी, अगुआडा किला और अगुआडा जेल का विकास | तटीय परिपथ 2016-17 | 97.65 |
| 2. | तटीय सर्किट II का विकास: रुआ डे ओरम क्रीक - डोना पाउला - कोलवा - बेनौलीम | तटीय परिपथ 2017-18 | 99.35 |
| | **प्रशाद** | | |
| 1. | बोम जीसस बेसिलिका का विकास | 2024-25 | 16.46 |
| | **स्वदेश दर्शन 2.0** | | |
| 1. | पोरवोरिम क्रीक अनुभव | 2023-24 | 24.07 |
| 2. | कोल्वा बीच का अनुभव | 2023-24 | 19.98 |
| | **सीबीडीडी** | | |
| 1. | मायेम गाँव में हरवलम झरने का सौंदर्यीकरण और विकास | 2024-25 | 9.81 |
| | **केंद्रीय एजेंसियों को सहायता** | | |
| 1. | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट में क्रूज़ टर्मिनल भवन | 2014-15 | 8.79 |
| 2. | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट में आव्रजन सुविधा में सुधार और मौजूदा क्रूज बर्थ को गहरा करना | 2018-19 | 13.16 |
| 3. | मुर्मुगाओ पोर्ट ट्रस्ट, गोवा में अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रूज टर्मिनल और संबद्ध सुविधाओं का विकास | 2021-22 | 50.00 |
| | **एसएएससीआई** | | |
| 1. | पोंडा में छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय | 2024-25 | 97.46 |
| 2. | पोरवोरिम में टाउनस्क्वायर | 2024-25 | 90.74 |

**महाराष्ट्र**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|
| | **स्वदेश दर्शन** | | |
| 1. | गांधीसागर बांध- मंडलेश्वर बांध- ओंकारेश्वर बांध- इंदिरा सागर बांध- तवा बांध- बरगी बांध- भेड़ा घाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास | तटीय परिपथ 2015-16 | 19.06 |
| 2. | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर - तारकरली- विजयदुर्ग (समुद्र तट और क्रीक), मितभव का विकास | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | 45.47 |
| | **प्रशाद** | | |
| 1. | त्र्यंबकेश्वर , नासिक का विकास | 2017-18 | 45.41 |
| | स्वदेश दर्शन 2.0 | | |
| 1. | शिवसृष्टि ऐतिहासिक थीम पार्क- चरण 3 | 2023-24 | 76.22 |
| | **सीबीडीडी** | | |
| 1. | अहमदनगर किले का विकास | 2024-25 | 25.00 |
| | **केंद्रीय एजेंसियों को सहायता** | | |
| 1. | पर्यटन स्थल के रूप में कनोजी आंग्रे लाइटहाउस का विकास | 2016-17 | 15.00 |
| 2. | इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण। | 2016-17 | 12.50 |
| 3. | इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | 2020-21 | 37.50 |
| | **एसएएससीआई** | | |
| 1. | सिंधुदुर्ग में आईएनएस- गुलदार अंडरवाटर संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन | 2024-25 | 46.91 |
| 2. | नासिक में राम-काल पथ का विकास | 2024-25 | 99.14 |

**कर्नाटक**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **परिपथ/स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|
| | **प्रशाद** | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | चामुंडेश्वरी देवी मंदिर, मैसूर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.38 |
| 2. | रेणुका यल्लमा देवी मंदिर का विकास | 2024-25 | 18.37 |
| 3. | पापनाश मंदिर, बीदर जिले में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 22.25 |
| | **स्वदेश दर्शन 2.0** | | |
| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **लागत (करोड़ रु. में)** | **स्वीकृति वर्ष** |
| 1. | हम्पी में 'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना | 25.63 | 2023-24 |
| 2. | मैसूरु में टोंगा राइड हेरिटेज अनुभव क्षेत्र | 2.71 | 2023-24 |
| 3. | मैसूर में पारिस्थितिक अनुभव क्षेत्र | 18.48 | 2023-24 |
| | **एसएएससीआई** | | |
| **क्र. सं.** | **परियोजनाओं का नाम** | **लागत (करोड़ रु. में)** | **स्वीकृति वर्ष** |
| 1. | बेंगलुरु में रोएरिच और देविका रानी एस्टेट टाटागुनि में इकोटूरिज्म और सांस्कृतिक केंद्र | 99.17 | 2024-25 |
| 2. | बेलगावी में सवादत्ती यल्लम्मागुड्डा का विकास | 100.00 | 2024-25 |

*******